# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–01 फरवरी 2025 सान्ध्य समाचार

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज संसद में केन्द्रीय बजट दो हजार पचीस छब्बीस प्रस्तुत किया। यह एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि नई कर व्यवस्था के अंतर्गत बारह लाख तक की आय पर कोई कर देय नहीं होगा। इसमें विशिष्ट दर आय जैसे पूंजीगत लाभ को छोड़कर एक लाख रूपए प्रतिमाह की औसत आय पर कोई कर देय नहीं होगा। वेतनभोगी करदाताओं के लिए यह सीमा पचहत्तर हजार की मानक कटौती के कारण बारह लाख पचहत्तर हजार होगी। उन्होंने किसानों के लिए भी कई अहम घोषणाएं कीं। एक रिपोर्ट–

***वित्त मंत्री ने इस मौके पर प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना और विकासशील कृषि जिला कार्यक्रम की घोषणा की। वित्तक मंत्री ने कहा कि सरकार खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय खाद्य तिलहन मिशन कार्यान्वित कर रही है। सरकार, अरहर, उड़द और मसूर के उत्पा दन पर विशेष ध्यान देने के साथ छह वर्षीय "दलहन आत्मनिर्भरता मिशन" भी शुरू करेगी। वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों के लिए पांच लाखरुपये की सीमा वाले विशेष क्रेडिट कार्ड शुरू किए जाएंगे। उन्हों ने कहा कि इस योजना में पहले वर्ष में, दस लाख कार्ड जारी किए जाएंगे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक***

वित्त मंत्री ने बताया कि पांच लाख महिला, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी। इससे अगले पांच वर्षों के दौरान दो करोड़ तक का सावधि ऋण उपलब्ध होगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण सीमा पांच करोड़ रुपये से बढ़ाकर दस करोड़ की जाएगी। वित्त मंत्री ने इस अवसर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और निवेश संबंधित कई अन्य प्रमुख घोषणाएं भी कीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह समेत भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दलों ने आम बजट का स्वागत किया है। वहीं, कई विपक्षी नेताओं ने बजट को लेकर सरकार की आलोचना की है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम बजट का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि यह बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए उठाए गए ठोस कदमों की आधारशिला है।

***प्रधानमंत्री जी ने ज्ञान का बजट बता कर चार अक्षरों में इसे परिभाषित किया है। जी फॉर गरीब, वाई फॉर युवा, ए फॉर अन्नदाता और एन फॉर नारीशक्ति। यानि इन चार महत्वपूर्ण आयामों को ध्यान में रख कर के एक विकसित भारत के लिए आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना है।***

आम बजट का प्रबुद्धजन और समाज के अन्य वर्गों से जुड़े लोग भी प्रशंसा कर रहे हैं। जौनपुर जिले के मड़ियाहू पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सुरेश कुमार पाठक ने आम बजट में किसानों और जनस्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों का विशेष ध्यान रखने का स्वागत किया है।

***आज का बजट जनता के लिए बहुत ही आकर्षक रहा। जनहित में रहा। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा तीन लाख से बढ़ा कर पांच लाख कर दी गई जो किसानों के लिए बहुत ही आवश्यक था। किसान ही देश की मेरुदंड हैं। इन्हीं के द्वारा हमारा निर्यात या आर्थिक पूंजी का लाभ संभव हो पाता है। चिकित्सा के क्षेत्र में बजट बहुत ही प्रशंसनीय रहा। कैंसर हार्ट जैसी दवाओं को लगभग छत्तीस दवाओं पर कस्टम ड्यूटी मुक्त किया गया यह एक स्वागत योग्य कदम है।***

**********

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज सपरिवार प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया और उन्हें महाकुंभ क्षेत्र का भ्रमण कराया। उपराष्ट्रपति ने लेटे हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना भी की। इससे पहले मुख्यमंत्री ने संगम नोज पर उस घटना स्थल का निरीक्षण किया जहां उन्तीस जनवरी को दुखद घटना हुई थी। उन्होंने महाकुंभ मेला क्षेत्र में आयोजित संत सम्मेलन में भी हिस्सा लिया। कई देशों के राजनयिकों और अतिथियों ने भी आज महाकुंभ मेला क्षेत्र भ्रमण किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर स्थित अपने आवासीय परिसर में आज जनता दर्शन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने सौ लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने अगले दो दिनों तक मौसम शुष्क रहने और हल्के से लेकर मध्यम कोहरे का पूर्वानुमान जताया है। विभाग के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश में कल और तीन फरवरी को देर रात और सुबह के समय हल्का से लेकर मध्यम कोहरा जनजीवन को प्रभावित कर सकता है। साथ ही विभाग द्वारा आज रात कहीं कहीं घने कोहरे की भी चेतावनी जारी की गई है।

**********